# उम्मेद अस्पताल तथा पेंशनर्स कल्याण विभाग का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं)। संभागीय आयुक्त भंवर लाल मेहरा ने सोमवार को उम्मेद अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओ एवं साफ सफाई का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं को जांचा।

निरीक्षण के दौरान आचार्य एवं विभागाध्यक्ष स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉ. रिजवाना शाहीन, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष शिशु रोग विभाग डॉ. मनीष पारख, आर.एम.ओ. डॉ. संदीप चौधरी, डॉ. विनय अबिचन्दानी, डॉ. पंकज भारद्वाज, वरिष्ठ लेखाधिकारी सहित नर्सिंग अधीक्षक उपस्थित रहे। इसी प्रकार संभागीय आयुक्त भंवर लाल मेहरा ने आज क्षेत्रीय कार्यालय पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जोधपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पेंशन विभाग के अतिरिक्त निदेशक ओम प्रकाश सीरवी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यालय में साफ- सफाई रखने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त मेहरा ने कहा कि कार्यालय में साफ-सफाई से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



संभागीय आयुक्त भंवर लाल मेहरा ने क्षेत्रीय कार्यालय पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग तथा उम्मेद अस्पताल जोधपुर का निरीक्षण किया।

इससे कर्मचारी सकारात्मक सोच के साथ कार्यों को संपादित करेंगे। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका सहित विभिन्न दस्तावेजों का निरीक्षण किया। उन्होंने देरी से आने वाले कर्मचारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कर्मचारी कार्यालय समय पर आए तथा फाइलों का निस्तारण समयबद्ध करें। निरीक्षण के दौरान मेहरा ने कार्यालय के प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान कई अधिकारी एवं कर्मचारियों के कक्ष खाली मिले। साथ ही, कार्यालय में रिकॉर्ड अस्त-व्यस्त एवं 3 अधिकारी सहित 5 कर्मचारी अनुपस्थित मिले।

## जबरन दो बेटियों को ले जाने का मामला दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती बेरू गांव में एक व्यक्ति की दो बेटियों को ससुर और भोपा रात्रि जागरण में ले जाने के बहाने अपने साथ ले गए। पांच दिन बाद भी बेटियों को वापस नहीं पहुंचाया।। पिता का आरोप है कि उसकी बेटियों की जबरन शादी करवाई जा रही है। बेटियों को लडक़े वालों से पैसे लेकर जबरन शादी करवाई जा रही है। एक बेटी अब तक लापता है और दूसरी अपने नाना के घर पर है और वह शादी की बात बोल रही है। पीड़ित ने राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी है।

पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि 30 अप्रेल को उसका ससुर मेताराम और एक भोपा मांगूगिरी घर पर आए और उसकी पत्नी, दो बेटियों का अपने साथ रात्रि जागरण में ले जाने का कहकर लेकर गए। जहां पर उसके ससुर मेताराम और भोपा मांगू गिरी ने साजिश रचकर दोनों बेटियों की शादी के लिए तैयारी कर ली। लडक़े वालों को पैसे देकर बेटियों को बेचने की बात की। जबरन उनकी शादी की कोशिश की जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार परिवादी अपने ससुराल गया तो पता लगा कि बड़ी वाली वहां नहीं है और उसके बारे में नहीं बता रहे है। भोपा का कहना है कि यदि बड़ी बेटी की शादी नहीं करोगे तो वह मर जाएगी। आरोप है भोपे के कहने पर उसके ससुर जादू टोना करवा कर उसका घर उजाड़ रहे है। पीड़ित ने बेटियों को लडक़े वालों को पैसे लेकर शादी करवाने की बात की है।

# हर आदमी के भीतर कविता छुपी है : डॉ. सत्यनारायण



जोधपुर में अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में गांधी भवन में काव्य गोष्ठी हुई।

**जोधपुर**, (कासं)। अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में गांधी भवन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। परिषद की महामंत्री डॉ पद्मजा शर्मा ने बताया कि देर रात तक चली काव्य गोष्ठी में हिन्दी ,उर्दू और राजस्थानी के तकरीबन 45 युवा और वरिष्ठ कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कुछ युवा तो ऐसे थे जिन्हों ने पहली बार मंच पर अपनी कविता का पाठ किया।

इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता की जाने माने रिपोर्ताज लेखक डॉ सत्यनारायण ने की। मुख्य अतिथि थे कवि समीक्षक डॉ कौशलनाथ उपाध्याय। विशिष्ट अतिथि कवि राकेश मूथा थे। डॉ सत्यनारायण ने कहा हर आदमी के भीतर कविता छुपी है। परिषद उस कविता को बाहर लाने में मदद कर रही है।

डॉ उपाध्याय ने कहा इतनी संख्या में युवाओं को कविता लिखते हुए देखना खुशी से भर देता है। राकेश मूथा ने कहा जितने कवि उतने रंग की कविता सुनने को मिली। शहर के युवाओं में अनंत संभावनाएं हैं। मंचासीन अतिथियों ने अपनी कविताओं का पाठ भी किया।

काव्य गोष्ठी की बडी उपलब्धि यह भी रही कि युवाओं को सुनने के लिए सम्माननीय नामवर शाइर शीन काफ निजाम, हबीब कैफी, उपन्यासकार दीप्ति कुलश्रेष्ठ, डॉ कालूराम परिहार, डॉ रंजना उपाध्याय, संतोष चौधरी के साथ ही डॉ भावेन्द्र शरद जैन, धर्मेश रूटिया, सरोज रूटिया, रामकिशोर फिडौदा, रवि कुमार दाधीच, रवीन्द्र माथुर,महेश खत्री, तरुण भाटी, हनुमान वडल, लक्ष्मण दान, मोहित, रतन मेहता, राजेन्द्र माथुर, बादलराज सिंघवी, जी एस नाग, परमाराम चौधरी,महेश कुमार पँवार,मनोहर सिंह चौहान, कुसुम,हीराराम विश्नोई आदि उपस्थित थे।

परिषद की महामंत्री डॉ पद्मजा शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। काव्य गोष्ठी का सुंदर संचालन डॉ वीणा चूंडावत ने और कहानीकार हरीप्रकाश राठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महिला कांग्रेस ने की प्रज्वल रेवन्ना पर कार्रवाई की मांग



जोधपुर में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रपति के नाम संभागीय आयुक्त व कलैक्टर को ज्ञापन देने पहुंची।

**जोधपुर**, (कासं)। महिला कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और कर्नाटक से जनता दल-सेक्यूलर (जद-एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के मामले में राष्ट्रपति के नाम संभागीय आयुक्त और जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपे और सांसद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

नगर निगम उत्तर की महापौर कुंती परिहार व देहात महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी पटेल ने बताया कि महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे और भाजपा के सहयोगी दल जद-एस के सांसद प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने बताया कि कर्नाटक भाजपा के सहयोगी दल के सांसद प्रज्वल रेवन्ना एवं उनके पिता एचडी रेवन्ना पर एक हजार से अधिक लड़कियों व महिलाओं का यौन शोषण, उन्हें परेशान करके मानसिक उत्पीडऩ व किडनैपिंग के आरोप लगे हैं, जो कि महिला अस्मिता व सुरक्षा के खिलाफ है। रेवन्ना ने सैकड़ों महिलाओं का अपमान किया हैं। जिस प्रकार से पिता व पुत्र ने पूरे राष्ट्र को शर्मसार किया है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना एफआईआर दर्ज होने के बाद देश छोडक़र जर्मनी भाग गए है। ऐसे में सेक्स स्कैंडल के आरोपी का देश छोडक़र भाग जाना विदेश मंत्रालय की अनुमति के बिना संभव नहीं हुआ होगा, इससे जाहिर होता है कि भाजपा अपने सहयोगी दल के सांसद को बचाने में लगी हुई है। ज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भगौड़े सांसद को बचाने के बजाय भारत वापस लाकर कानून के शिकंजे में सौंपकर सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की गई।

## भदवासिया मंडी क्षेत्र में हमले में तीन जने घायल

**जोधपुर**, (कासं)। भदवासिया मंडी में पान की दुकान पर खरीददारी करने आए कुछ युवकों पर बदमाशों ने हमला किया। लोहे की रॉड, हॉकियों एवं डंडे से किए गए हमले में दो तीन युवक जख्मी हो गए। एक युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हमलावर बाद में भाग गए। हमले की वजह पता नहीं चली है। घायल के पिता की तरफ से अज्ञात शख्स के खिलाफ महामंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई है।

पाल रोड स्थित सुभाषनगर निवासी राधेश्याम पत्र बाबूराम डागा की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि शनिवार की रात में उसका पुत्र आकाश, उसके दोस्त रोहित, संजय, सुनील आदि महामंदिर स्थित माहेश्वरी कॉलोनी में सुंदर काण्ड पाठ में आए थे। रात को यह लोग बीच में भदवासिया मंडी स्थित पान की दुकान पर ठंडा और अन्य चीज लेने पहुंचे थे। तब सात आठ लडक़े हाथों में डंडे, लोहे की रॉड, हॉकियां आदि लेकर पहुंचे। बदमाशों ने आते ही उसके पुत्र आकाश और उसके दोस्तों पर हमला कर दिया। जिससे उसका पुत्र आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया, उसके सिर पर गंभीर चोट लगी। वहीं दोस्तों के हाथ और पैरों पर भी जख्म हो गए। हमले की वजह भी पता नहीं लगी है।

# जालोर के नर्सिंग कॉलेज में कई प्रतियोगिताएं आयोजित

**जालोर**, (कासं)। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर में 6 मई से प्रशिक्षणार्थियों के मध्य विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर भाषण,वाद-विवाद,निबंध लेखन प्रतियोगिता के साथ नर्सेज सप्ताह का आगाज किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. पवन ओझा ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह की थीम हमारी नर्से, हमारा भविष्य, देखभाल की आर्थिक शक्ति है, जो स्वास्थ्य देखभाल वितरण और अर्थव्यवस्था में नर्सो की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है। इस महोत्सव को मनाने के लिए पूरे सप्ताह पोस्टर-मॉडल प्रतियोगिता, मेहंदी, रंगोली, फेस पेंटिंग, कैंडल लाईटिंग सेरेमनी, नाइटेंगल शपथ कार्यक्रम, स्वास्थ्य मुद्दों पर कार्यशाला, जागरूकता रैली,मैराथन और विशाल रक्तदान शिविर सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों की योजना बनाई गई है। अंतर्राष्टीय नर्स दिवस प्रत्येक वर्ष 12 मई को मनाया जाता है और इंटरनेशनल कौंसिल ऑफ नर्सिंग द्वारा एक थीम चुनी जाती है। इस वर्ष की थीम हैं हमारी नर्से ..हमारा भविष्य..देखभाल की आर्थिक शक्ति। जिसका अर्थ हैं कि स्वास्थ्य देखभाल की रीढ होने के बावजूद,नर्सिंग को अक्सर वित्तीय बाधाओं और सामाजिक अवमूल्यन का सामना करना पडता है।

हमारे व्यापक विषय हमारी नर्सिंग सेवाओं को जारी रखते हुए। हमारे भविष्य एवं नीतिगत कार्यवाही के लिए, आईसीएन की अवधारणाओं को फिर से आकार देने के उद्देश्य से देखभाल की आर्थिक शक्ति पर आईएनडी 2024 ने ध्यान केंद्रित करने के लिए इस थीम को चुना हैं कि कैसे नर्सिंग में रणनीतिक निवेश काफी आर्थिक और सामाजिक लाभ ला सकता है।

अब वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बदलाव का समय आ गया है। कोविड-19 महामारी से सीखे गए सबक से सीखते हुए और संघर्षो, जलवायु संकट और वित्तीय अस्थिरता के कारण दुनिया भर की आबादी के स्वास्थ्य के लिए बढते खतरे को पहचानते हुए, हमारा मानना है कि परिप्रेक्ष्य और नीति में बदलाव की वकालत करने का यह सही समय है।नर्सेज सप्ताह का 12 मई को नर्सिंग दिवस मनाने के साथ समापन होगा।

कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग फैकल्टी मोहन सिंह गुर्जर,मनीष सोलंकी,मनोज कुमार,किशोर कुमार,भूपेन्द्र कुमार समेत कई प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## शोक जताया

**जोधपुर**, (कासं)। सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री चंद्र प्रकाश टायसन का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार वाल्मीकि समाज के शमशान में हुआ।

न्यायालय - जिला न्यायाधीश, जालोर ( राज. )
बइजलास - श्री हारून " आर.जे.एस." (जिला जज संवर्ग)
दी. प्रकरण संख्या - 09/2024 तारीख पेशी - 09.05.2024
कमलादेवी पत्नी किशोर भारती, उम्र 66 वर्ष निवासी चौधरियों का वास केशवना तह. व जिला जालोर। ......प्रार्थी
बनाम
1. सुमन पत्नी प्रवीण भारती निवासी केशवना तह. व जिला जालोर।
2. हर आम व खास। .....अप्रार्थीगण
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम
हर आम व खास को जरिए नोटिस सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया कमलादेवी को उसके मृतक पुत्र प्रवीण भारती गोस्वामी पुत्र किशोर भारती गोस्वामी निवासी केशवना के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय जालोर में एक बीमा पॉलिसी नंबर 10096881 दिनांक 15.01.2001 को रूपये 50000/- मय ब्याज आदि समस्त भुगतान राशि को प्राप्त करने हेतु प्रार्थीया के पक्ष में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने का प्रार्थना पत्र पेश किया। अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर/ऐतराज हो तो असालतन/वकालतन न्यायालय में आगामी तारीख पेशी 09.05.2024 को पेश करे, अन्यथा नियमानुसार आदेश पारित किया जाएगा। नोटिस आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया। (मोहर) जिला न्यायालय जालोर ( राज. )

## नीलामी जारी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशन में प्राधिकरण द्वारा आयोजित भव्य ई-नीलामी कार्यक्रम माह फरवरी से मई में आमजन का उत्साह एवं रुझान रहा। ई-नीलामी कार्यक्रम में सोमवार को ग्राम चौखा के खसरा संख्या 701 स्थित व्यावसायिक योजना के 03 भूखंडों को नीलामी के जरिए विक्रय किया गया। प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि खसरा संख्या 701 ग्राम चौखा व्यावसायिक योजना के 03 भूखंडों की ई-नीलामी में प्राधिकरण को 77000/- रुपए प्रति वर्ग मीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। प्राधिकरण को सोमवार को 01 करोड 46 लाख रुपए से अधिक की आय प्राप्त हुई एवं ई-नीलामी से अब तक प्राधिकरण को कुल 65 करोड से अधिक के राजस्व की प्राप्ति हुई है।

# उम्मेद हॉस्पिटल में प्रसूता ने चार बच्चों को जन्म दिया

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के उम्मेद हॉस्पिटल में एक प्रसूता ने सोमवार दोपहर को चार बच्चों को एक साथ जन्म दिया है। प्रसूता व उसके चारों शिशु पूरी तरह स्वस्थ है।

चारों बच्चे ऑपरेशन से हुए है। इसके चलते चारों को हॉस्पिटल की नर्सरी में रखा गया है।

उम्मेद हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अफजल हकीम ने बताया कि सोमवार को हॉस्पिटल में भर्ती प्रसूता जैसलमेर निवासी श्रीमती तुलछा ने चार बच्चों को जन्म दिया है।

इसमें से दो लड़के है और दो लड़की। प्रसूता के गर्भ में चार बच्चें होने की जानकारी शुरू से ही टीम को हो गई थी, इसलिए उसके सेहत को लेकर सावधानी बरत रखी थी। वह पिछले तीन महीने से हॉस्पिटल में ही भर्ती थी। उसका उपचार व डिलीवरी डॉ. इंद्रा भाटी की देखरेख में हुई है।

### तीन महीने से डॉक्टरों की नजर में थी प्रसूता

डॉक्टरों ने बताया कि प्रसूता मूल जैसलमेर की रहने वाली है। उसे गृभ के चौथे महीने में ही चार बच्चों को पता चल गया था। प्रसूता के पहले दो डिलीवरी में बच्चों की मौत हो रखी थी। ऐसे में परिजन उसका उपचार जोधपुर उम्मेद हॉस्पिटल से करवा रहे थे।

### प्रतिदिन रिपोर्ट की जांच हुई

डॉक्टरों ने सावधानी बरतते हुए प्रसूता को फरवरी महीने में ही हॉस्पिटल में भर्ती कर लिया था। उसके प्रतिदिन की रिपोर्ट की डॉक्टर जांच कर रहे थे ताकि प्रसूता और उसके गर्भ में पल रहे शिशु पर किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आए।

## उत्कर्ष में दिया मार्गदर्शन

**जोधपुर**, (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस द्वारा आयोजित एक विशेष सेमिनार में जोधपुर के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस शरद चौधरी ने शिरकत की।शास्त्री नगर स्थित उत्कर्ष कॉम्प्लेक्स में सिविल सेवा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे उत्कर्ष के विद्यार्थियों हेतु मोटिवेशनल सेशन के रूप में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जोधपुर डीसीपी सहित उत्कर्ष क्लासेस के सीओओ सुभाष भौमिक तथा सीबीओ अर्पित पारीक मौजूद रहे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों से परिचर्चा करते हुए आईपीएस शरद चौधरी ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को लक्ष्य पर केंद्रित रहने और निरंतर तैयारी को निखारने की सलाह दी। पुलिस सेवा में बतौर डीसीपी उन्होंने सिविल परीक्षार्थियों को अधिकारी पद की गरिमा और समाज में उसकी भूमिका को सर्वप्रथम समझने पर बल दिया।

साथ ही असफलताओं को निराशा का कारण नहीं माने, अपितु कुछ नया सीख कर तैयारी को मजबूत करने का आधार बताया।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1255670 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. विक्रम सिंह कविया 2. इन्दु भारत 3. जबर दान कविया | 20.04.2024 | 79,12,285.23/- | प्लाट नं. 197, प्लाट क्षेत्रफल 300 वर्गगज, हनवंत 'ए' बीजेएस पाओटा, तह. व जिला जोधपुर, राजस्थान-342001 में स्थित का पूरा एवं प्रत्येक भाग और सीमाएं है- पूर्व में- प्लाट नं. 178, पश्चिम में- रास्ता 30 फीट चौड़ा, उत्तर- प्लाट नं. 198, दक्षिण-प्लाट नं. 196 |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है। ह./-
दिनांक- 07.05.2024 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान- जोधपुर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

# राजपूत स्वर्गाश्रम में श्रमदान किया

**जोधपुर**, (कासं)। बीजेएस कॉलोनी स्थित राजपूत स्वर्गाश्रम में कॉलोनी वासियों ने श्रमदान कर स्वर्गाश्रम में साफ सफाई की।स्वर्गाश्रम अब पार्क जैसा नजर आने लगा है।

स्वर्गाश्रम की देखभाल करने वाले समाजसेवी मूल सिंह सेवा व रण सिंह शेखावत ने बताया कि बीजेएस का राजपूत स्वर्गाश्रम में निरंतर कॉलोनी वासियों द्वारा श्रमदान किया जाता है ताकि यह साफ सुथरा बना रहे हैं । उन्होंने बताया कि वैसे तो श्रमदान का कार्य होता रहता है लेकिन प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रात: विशेष श्रमदान होता है ।

कॉलोनी वासी व समाजसेवी स्वरूप सिंह सांगलिया ने बताया कि वैसे तो स्वर्गाश्रम व्यक्ति के जीवन की अंतिम यात्रा का स्थल होता है।

उन्होंने बताया कि बीजेएस कॉलोनी का राजपूत स्वर्गाश्रम कॉलोनी वासियों की मेहनत व निष्ठा के कारण साफ सुथरा रहता है और यह पार्क की तरह नजर आता है।

उन्होंने बताया कि इस स्वर्गाश्रम में विभिन्न प्रजाति के फलदार व छायादार पेड़ वर्षों से लगाए हुए हैं, जो आज बड़े-बड़े पेड़ों का रूप ले चुके हैं और चारों तरफ इसमें हरियाली व्याप्त है। उन्होंने बताया कि इसमें लोन भी लगी हुई है। यहां पर एक साथ 6 दाह संस्कार हो सके इसके लिए व्यवस्था भी की हुई है। छोटे बच्चों के दाह संस्कार की अलग से व्यवस्था है।



जोधपुर में बीजेएस कॉलोनी स्थित राजपूत स्वर्गाश्रम में कॉलोनीवासियों ने श्रमदान किया।

दाह संस्कार के समय बैठने के लिए टीन सेड युक्त बैंचें लगाई हुई है व ऊपर पेड़ों की छाया रहती है, इसके कारण सर्दी, गर्मी और वर्षा में दिक्कत नही होगी है।

परिसर में लकड़ी की पर्याप्त व्यवस्था रहती है साथ वाटर कूलर व टॉयलेट की सुविधा भी बनी हुई है।

श्रमदान में मूल सिंह सेवा , रणसिंह शेखावत ,स्वरूप सिंह शेखावत , राजेंद्र सिंह लीलिया , वीरेंद्र सिंह राठौड़ , राजेंद्र सिंह कपूरिया , शैतान सिंह नेवरा, जितेंद्र सिंह शेखावत ,करणवीर सिंह बर, विजय सिंह जालसू , उम्मेद सिंह डाबड़ी , श्याम सिंह गौड़, राम सिंह ललाना, श्रवण सिंह राठौड़ , रणजीत सिंह ज्याणी , नरेंद्र सिंह तंवर , बजरंग सिंह नरूका, महिपाल सिंह सेंगर , सुरेंद्र सिंह पीलवा, अरविंद सिंह भाटी, सवाई सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह शेखावत, जबर सिंह खेडूली ने स्वर्गाश्रम में साफ सफाई कर भागीदारी निभाई।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) व 9 (1) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 24.05.2024 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर जैसा नीचे वर्णित है, कालम (i) के अनुसार ऋण ग्रहिता (ओं) और सह-ऋण ग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिए की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात www.idfcfirstbank.com

निलामी का विवरण

| क्र. सं. | (i) डिमांड नोटिस राशि | (ii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) | (iii) सम्पत्ति का पता | (iv) आरक्षित मूल्य राशि | (v) ईएमडी राशि | (vi) निलामी की तिथि व समय | (vii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय | (viii) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | (ix) प्राधिकृत अधिकारी का नाम व मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रूपये 6918686.63/- डिमांड नोटिस दिनांक 11 अप्रैल 2021 | कैलाश ब्रदर्स जयंती लखानी और दिनेश लखानी | वाणिज्यिक संपत्ति का क्षेत्रफल 19.50 वर्ग मीटर, क्लॉथ मार्केट, निमाज की हवेली, जिला जोधपुर में स्थित है का पूरा एवं प्रत्येक भाग, जिसकी सीमाएं निम्नवत है उत्तर में-15 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में- निमल की हवेली, पूरब में- मैसर्स सिमरत मलजी की दुकान, पश्चिम-मोहन लाल राठी की दुकान | रूपये 10150000.00/- | रूपये 1015000.00/- | 24.05.2024 प्रातः 11.00 से दोपहर में 1.00 तक | 23.05.2024 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक | 17.05.2024 प्रातः में 1.00 से दोपहर 4.00 तक | नाम-सरदीप राठौड, मोबाइल नम्बर- 9887772255 नाम-आंचल शर्मा, मोबाइल नम्बर- 7737204242 |

अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
दिनांक- 07.05.2024 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान- जोधपुर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

## सार-समाचार

### मातृशक्ति का अभ्यास वर्ग शुरू

**जोधपुर**, (कासं)। विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई मातृशक्ति का तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग शिविर शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित अग्रसेन भवन में शुरू हुआ। मातृशक्ति की सह संयोजिका जसोदा ने बताया कि साध्वी प्रिया शरण के सानिध्य में राष्ट्रीय सह संयोजिका सरोज सोनी, राजस्थान क्षेत्रीय संयोजिका अभिलाषा सिंह, समाजसेविका डॉ चन्द्रकला गोस्वामी व प्रान्त अध्यक्ष डॉ राम गोयल की उपस्थिति में यह अभ्यास वर्ग शुरू हुआ। प्रान्तभर की महिलाएं वर्ग में हिस्सा लेकर शारीरिक व मानसिक बौद्धिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण होगी। मुख्य वक्ता मातृशक्ति केंद्रीय सह संयोजिका सोनी ने सेवा, संस्कार और सत्संग के माध्यम से देव भक्ति के साथ देश भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज की महिला किसी से भी कम नहीं हैँ और मातृशक्ति पालन, पोषण और संस्कारवान परिवार के साथ राष्ट्र और समाज की धुरी हैं। साध्वी प्रिया शरण ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि वर्तमान में महिलाओं को घर में कैद होकर रहने की बजाय राष्ट्र व धर्म कार्यो के लिए आगे आना होगा। संस्कार युक्त समाज का निर्माण में अहम भूमिका निभानी होगी जो सिर्फ महिलाएं ही कर सकती है। वर्ग में जालोर, भीनमाल, बाड़मेर, पाली, सिरोही, नागौर, फलोदी सहित प्रांत के अलग अलग हिस्सों से आई हुई महिलाएं हिस्सा ले रही है।

### धणी का आयोजन दस को

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में घांची समाज अक्षय तृतीया पर 10 मई को बाईजी का तालाब स्थित बगीची में धणी का आयोजन करेगा। इसमें अकाल-सुकाल और राजनीतिक उठापटक की भविष्यवाणी की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब तीन से चार घंटे चलने वाले इस अनुष्ठान में धणी के माध्यम से भविष्य के संकेत दिए जाएंगे। धणी में दो बालकों को स्नान के पश्चात गीले वस्त्रों मे सिर्फ लंगोट पहनाकर आमने-सामने खड़ा किया जाता है। उनके हाथों में बांस की दो खपचियां जिन पर कुमकुम लगा होता है। दोनों खपचियों में एक पर कुमकुम तो एक पर काजल लगाई जाती है। कुमकुम लगी खपची को सुकाल (अच्छा जमाना) व काजल लगी खपची को काल (अकाल) के रूप दर्शाया जाता है। उसके नीचे बनी मिट्टी की वेदी पर 7 तरह के अनाज, गुड़ व पताशों के साथ रखे जाते हैं। सुबह 11 से 5 बजे के बीच अनुष्ठान होगा और भविष्यवाणी की जाएगी। इस दौरान श्री घांची महासभा के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सोलंकी, महासचिव किशोरचंद भाटी, कोषाध्यक्ष अचलूराम सोलंकी, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश परिहार, मूलचंद भैरावत, श्रीकिशन भाटी, पूर्व अध्यक्ष आनंद भाटी, जुगल भाटी, राधेश्याम बोराणा, पूर्व महासचिव राजेंद्र भाटी, राजेश सोलंकी, लक्ष्मीनारायण सोलंकी, घनश्याम भाटी, अशोक भाटी, संगीता सोलंकी आदि मौजूद रहेंगे।

### आयुर्वेद वि.वि. के छात्र से मारपीट

**जोधपुर**, (कासं)। करवड़ स्थित आयुर्वेद विश्वविद्यालय में अध्ययरत एक छात्र के साथ उसके दो सीनियर छात्रों ने रास्ता रोककर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी है। बताया गया कि दोनों सीनियर छात्र अब कॉलेज में पढ़ते भी नहीं है। करवड़ पुलिस मामले की जांच में जुटी है। करवड़ पुलिस ने बताया कि मामले में मूलतः झुंझुनू हाल आयुर्वेद विश्वविद्यालय के छात्र हिमांशु शर्मा पुत्र दीपक शर्मा की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वह वर्ष 2020 बैच का छात्र है और यहीं कॉलेज के हॉस्टल में रहता है। 3 मई को वह क्षेत्र से निकल रहा था तब चौमू का सुनिल चितरवाल एवं बहरोड का अरूण यादव ने उसका रास्ता रोककर मारपीट एवं जान की धमकी दी। फिर अगले दिन यानी 4 मई को वह अपने मित्र को छोडऩे जा रहा था तब इन लोगों ने फिर उसका रास्ता रोका और मारपीट की। दोनों वर्ष 2017 के सीनियर छात्र है, मगर अब कॉलेज में अध्ययनरत भी नहीं है। करवड़ पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपियों की तलाश आरंभ की है।

### सायला में ब्राह्मण समाज की बैठक हुई

**सायला**, (निसं)। कस्बे के जूना गालां स्थित खेतेश्वर पंचधाम मंदिर में सोमवार को परशुराम जयंती की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित हुई। मांगीलाल राजपुरोहित सायला ने बताया कि बैठक में परशुराम जयंती को लेकर आगामी 10 मई प्रातः 8 बजे भव्य शोभायात्रा एवं वाहन रैली निकालने का निर्णय लिया गया। जो सायला के ओटवाला रोड स्थित बालाजी मंदिर से रवाना होकर जूना गालां स्थित खेतेश्वर पंचधाम मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। जिसमें क्षेत्रभर से ब्राह्मण समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। इस दौरान दरगाराम राजपुरोहित पाथेडी, जेताराम बावतरा, भबूतसिंह सायला, उम्मेदसिंह सायला, शांतिलाल दवे, मुकंद दवे, हनुमानसिंह, कालुराम, खीमाराम, हरचंदराम, धर्माराम चौराऊ, बलवंतसिंह आसाणा, लालसिंह, ओकसिंह वालेरा, सुखराज चौराऊ, मांगीलाल सांथुआ, मिश्रीमल, मोतीसिंह, नकुलसिंह, विक्रमसिंह, नारायण वालेरा समेत ब्राह्मण समाजबंधु मौजूद थे।

### कीटनाशक सेवन से श्रमिक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के बासनी स्थित जयदेव नगर में एक इंडस्ट्रीज में काम करने वाले श्रमिक ने भूल से कीटनाशक का सेवन कर लिया। उसे तबीयत बिगडऩे पर एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर उसे बचाया नहीं जा सका।उपचार के बीच मौत हो गई। परिजन की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। बासनी पुलिस ने बताया कि बारना चामू का रहने वाला 43 वर्षीय जगदीश पुत्र चंपालाल यहां बासनी जयदेव नगर में एक इंडस्ट्रीज में काम करता था। उसने भूलवश कीटनाशक का सेवन कर लिया। इस पर उसे साथी श्रमिकों ने एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया। मगर उसकी बाद में मौत हो गई। इस बारे में बारनाउ हाल रतनमुनि नगर सालावास रोड निवासी भंवरलाल की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रवेश आज से

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर व फलोदी की राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 7 मई से शुरू होगी। इसमें आवेदन ऑनलाइन भरवाकर लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया संपादित होगी। निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी के आदेशानुसार 7 से 12 मई तक आवेदन पत्र मिलेंगे, 13 मई को एमजी स्कूलों को प्राप्त आवेदनों की सूची व कक्षावार रिक्त सीटों की लिस्ट नोटिस बोर्ड पर चस्पां होगी। 14 मई को लॉटरी निकाली जाएगी और 15 मई को चयनित स्टूडेंट्स की लिस्ट स्कूल के नोटिस बोर्ड पर चस्पां होगी। 16 मई को प्रवेश कार्य शुरू होगा, जबकि 1 जुलाई से शिक्षण कार्य आरंभ होगा। इसमें ऐसी महात्मा गांधी स्कूल जिनमें प्री-प्राइमरी या बाल वाटिकाएं संचालित हैं, उनमें नर्सरी से लेकर सभी सीटों पर प्रवेश देना होगा।

### घांची समाज की साधारण सभा 12 को

**जोधपुर**, (कासं)। घांची समाज जोधपुर का स्थापना दिवस समारोह नौ जून को समारोहपूर्वक मनाया जाएगा जिसकी रुपरेखा बनाने तथा आवश्यक तैयारियां करने के लिए साधारण सभा 12 मई को बाईजी तालाब समाज की बगेची स्थित महासभा मीटिंग हॉल में रखी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री घांची महासभा के महासचिव किशोर चंद भाटी ने बताया कि जोधपुर घांची समाज द्वारा प्रतिवर्ष स्थापना दिवस जेष्ठ सुदी तीज (तृतीया) को मनाया जाता है जिसके अंतर्गत अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसमें जोधपुर घांची समाज की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वृहद स्तर पर तैयारियों की आवश्यकता रहती है। इसके लिए महासभा की साधारण सभा का आयोजन 12 मई को रखा गया है जिसमें सभी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा कर रुपरेखा तैयार की जाएगी।

### नरेगा योजना में श्रमिकों का समय बदला

**जोधपुर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार गर्मी के मौसम में देखते हुए जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजना में श्रमिकों का समय प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा जोधपुर डॉ धीरज कुमार सिंह ने बताया कि यह समय विश्राम रहित है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था 1 मई से शुरू हो गई है जो15 जुलाई तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कार्य का समय जिला कलक्टर एवं जिला समन्वयक स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए अधिनियम के प्रावधान के तहत अपने स्तर पर निर्धारित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में इन्द्राज करवाने के पश्चात एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के बाद कार्यस्थल छोड़ सकता है।

# नागरिक बैंक ने उल्लेखनीय व्यवसाय वृद्धि की है : गर्ग

**जालोर**, (कासं)। जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 के परिणामों में नवीन कीर्तिमान स्थापित करने के उपलक्ष्य में बैंक कर्मचारीयों एवं अधिकारियों का वार्षिक सम्मान समारोह अभ्युदय कतरोसन स्थित एक निजी होटल राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग ने बताया कि जालोर नागरिक सहकारी बैंक केवल शुद्ध व्यवसाय करती हैं तथा में इसके साथ बैंक स्थापना काल से जुड़ा हुआ हैं। बैंक का संचालक मण्डल बिना किसी राजनैतिक भेदभाव के योग्यता के आधार पर निर्वाचित होता हैं। यही इस बैंक की ताकत हैं। बैंक के सभी कार्मिक पूर्ण निष्ठा एवं लग्न के साथ ग्राहक सेवा हेतु सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने बैंक के उत्तरोतर प्रगति के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त की।



जालोर के पास कतरोसन में नागरिक सहकारी बैंक का वार्षिक सम्मान समारोह हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

बैंक शाखा विस्तार का रोडमेप प्रस्तुत करते हुए बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर द्वारा बताया कि शीघ्र ही बैंक की 4 नवीन शाखाएं जसवन्तपुरा, बडगांव, बालोतरा एवं सुमेरपुर केन्द्र पर खोली जाएगी। बैंक का कार्यक्षैत्र सम्पूर्ण राजस्थान मे विस्तारित करने का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त हो चुका हैं । बैंक के नवीन भवन का निर्माण कार्य जारी हैं तथा अतिशीघ्र बैंक का संचालन नवीन भवन में किया जायेगा। पाराशर द्वारा बैंक कर्मचारियों को वर्ष 2024-25 में नवीन कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु संकल्पित कराया।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 260 करोड के व्यवसाय वृद्धि का लक्ष्य प्रस्तुत किये जाने पर समस्त स्टॉफ द्वारा हर्ष ध्वनी से सहमति व्यक्त की एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु पुरजोर मेहनत करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर बैंक के उपाध्यक्ष ललित कुमार दवे द्वारा ग्राहक संतुष्टि पर बल देते हुए कर्मचारियों को बैंक की प्रगति हेतु एकजुट होकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट द्वारा बैंक की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि 31 मार्च 2024 को बैंक का कुल व्यवसाय 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 625 करोड के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया हैं। बैंक का शुद्ध एनपीए 0 प्रतिशत एवं सकल लाभ 10.03 करोड रहा है। कोटा से आए विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर योगेश चण्डक द्वारा बैंक की प्रगति के लिए विभिन्न प्रयोगों तथा प्रेरणात्मक विचारों से समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों में नई सोच व उर्जा से संगठनात्मक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में बैंक के समस्त अधिकारीयों व कर्मचारियों को उनके द्वारा बैंक के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट/श्रेष्ठ/उल्लेखनीय कार्य हेतु स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कान्तिलाल भण्डारी, भूतपूर्व अध्यक्ष नितिन सोलंकी, बैंक के संस्थापक अध्यक्ष मदनराज बोहरा, पीएल सोनगरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये गये। उक्त कार्यक्रम में बैंक संचालक मण्डल के सदस्य मोहनलाल परमार(सांचोर), गणेशराम मीणा, उषा कुमावत, श्यामलाल बोहरा, कनीष चौधरी, दिनेश परमार, मोहनलाल परमार(जालोर), सहवृत संचालक हेमताराम प्रजापत, सदस्य हरीश माहेश्वरी एवं भूतपूर्व संचलाक श्री नारायणलाल भट्ट तथा बैंक की समस्त शाखाओं एवं विभागों के अधिकारी/कर्मचारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह का संचालन पोसाराम प्रजापत एवं देवेन्द्र त्रिवेदी द्वारा किया गया।

# शिक्षकों के हितों पर चर्चा की



जालोर में शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)।राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला शाखा जालोर की जिला बैठक सोमवार को आदर्श विद्या मंदिर भीनमाल मार्ग जालोर के प्रांगण में रखी गई। यह बैठक प्रवासी कार्यकर्ता शैतान सिंह राठौड प्रदेश उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष शैतान सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में प्रदेश प्रतिनिधि गुलाब भाटी के निर्देशन में रखी गई।

इस बैठक में समस्त उपशाखाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रदेश उपाध्यक्ष शैतान सिंह राठौड ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्थान में इस बार संगठन ने ढाई लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया है। इस लक्ष्य के तहत जालोर जिले में इस बार संकुल संरचना के आधार पर सदस्यता अभियान 7 से 15 मई तक होगा, जालोर जिले को 90 प्रतिशत सदस्यता का लक्ष्य दिया गया। साथ ही इस वर्ष संग्ठन के संस्थापक संरक्षक (1924) जयदेवजी पाठक का जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने का निश्चय किया गया। इनके जन्म शताब्दी वर्ष में संगठन को सशक्त करने की दृष्टि से सदस्यता में गुणात्मक एवं संख्यात्मक अभिवृद्धि के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उनकी स्मृति में व्याख्यान माला एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक समस्याओं का संकलन कर उनका उचित माध्यम से निराकरण करने का निश्चय किया गया। जिला अध्यक्ष शैतान सिंह राजपुरोहित ने बताया की नवनियुक्त शिक्षकों को संगठन की रीति-नीति से परिचित करवाते हुए जोडे। संगङ्कन का मुख्य आधार उसके जीवट कार्यकर्ता है। उनकी समस्याओं के समाधान का हिस्सा बने। प्रदेश प्रतिनिधि गुलाब भाटी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य राष्ट्र हित, शिक्षक हित तथा छात्र हित में चिंतन मंथन कर सरकार एवं विभाग को रचनात्मक सुझाव के साथ संगठन के सदस्य शिक्षक वृंद के अधिकारों एवं सेवा शर्तो की संरक्षा एवं सुरक्षा करना भी है। आज सदस्यता डायरियों का वितरण किया गया और उपशाखा वार सदस्य बनाने के लिए व्यूरचना बनाई गई।

जिला संरक्षक नारायण सिंह राठोड, किशोर सिंह सिसोदिया, बाबूलाल सेन, निशा रेवाड व पुखराज गहलोत ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रधानाध्यापक शेषाराम का साफा पहनाकर माल्यार्पण कर स्वागत एवं बहुमान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र बोहरा ब्लॉक अध्यक्ष जालोर ने किया। जिला मंत्री हीर सिंह राठौड ने आए हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। अंत में कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ ।इस अवसर पर अंबिका प्रसाद तिवारी, नाथाराम भाटी, ब्लॉक मंत्री खुशवंत नाग, मनोज दवे, हितेश दवे, नोपाराम गर्ग, गोपीलाल गर्ग,हरिश सांखला, गोपालचंद, अर्जुन सिंह सिंधल, रमेश कुमार राजपुरोहित, जिला उपाध्यक्ष रामकरण चारण, विक्रम सिंह चारण,हरि सिंह चारण, कपूर सिंह राजपुरोहित, सुरेश कुमार शर्मा, रेखा राठौड, सीता, रेखा नोगीया सहित शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# समर्थन मूल्य खरीद केन्द्र का निरीक्षण

**पाली**,(नि.सं.)। संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने सोमवार को पाली में सहकारिता विभाग के क्रय-विक्रय सहकारी समिति के समर्थन मूल्य खरीद केन्द्र, पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त द्वारा चना, सरसों व गेहूं के एमएसपी के बारे में पूछे जाने पर मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि सरसों की एमएसपी 5650/- रूपये प्रति क्विंटल, चना की एमएसपी 5440/- रूपये प्रति क्विंटल तथा गेंहू की एमएसपी 2400/- रूपये प्रति क्विंटल है। गेंहू की खरीद जिला रसद अधिकारी के माध्यम से भारतीय खाद्य निगम के द्वारा खरीद की जाती है। सर्मथन मूल्य खरीद केन्द्र, पाली पर बारदानों की उपलब्धता की स्थिति भी संतोषप्रद बतायी गयी। मौके पर फसल तुलाई के लिये उपस्थित काश्तकार से भी वार्ता की गयी, उनके लिये की गई छायां-पानी की व्यवस्था की जानकारी भी ली गई, काश्तकार द्वारा ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन से लेकर फसल तुलाई तक अपनायी जाने वाली संपूर्ण प्रक्रिया से संतुष्ट होना बताया। सहकारिता विभाग, पाली के उप रजिस्ट्रार जितेन्द्र कुमार द्वारा संभागीय आयुक्त को अवगत कराया गया कि पाली जिले में 08 सर्मथन मूल्य खरीद केन्द्र है। निरीक्षण के दौरान सर्मथन मूल्य खरीद केन्द्र,



पाली संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने समर्थन मूल्य खरीद केन्द्र का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली के मैनेजर द्वारा खरीद केन्द्र पर अपनायी जाने वाली ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया व काश्तकार के खरीद केन्द्र पर आने के बाद अपनायी जाने वाली प्रक्रिया की आयुक्त ने जानकारी ली। इस अवसर पर बताया गया की खरीद केन्द्र पर रबी के फसलों (चना व सरसों) के लिये ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन ई-मित्र के माध्यम से राजफैड के पोर्टल पर 22 मार्च 2024 से शुरू हो चुके है। खरीद केन्द्रों पर एक अप्रैल 2024 से फसल खरीद प्रारम्भ की जा चुकी है।

खरीद केन्द्र के मैनेजर ने बताया कि ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के समय काश्तकार को जमाबंदी, गिरदावरी, राशनकार्ड, जनाधारकार्ड व आधार कार्ड आदि दस्तावेजों की आवश्कता होती है। बायोमेट्रिक मशीन से सत्यापन के पश्चात् काश्तकार के रजिस्टर्ड मोबाईल पर रजिस्ट्रेशन का संदेश प्राप्त होता व रजिस्ट्रेशन के 10 दिनों के भीतर कभी भी खरीद केन्द्र पर स्वयं उपस्थित होकर अपनी फसल तुलवा सकते है। विभाग द्वारा फसल का भुगतान जनाधार में अपडेट बैक खाते में ऑनलाईन भेजा जाता है।

# शादी के दो दिन बाद ही फरार हो गई दुल्हन

**जोधपुर**, (कासं)। शादी के दो दिन बाद ही दुल्हन अन्य युवक के साथ भाग गई। युवक ने लाखों रुपए देकर शादी की थी। जोधपुर की बनाड़ पुलिस दुल्हन और उसके रिश्तेदारों की तलाश कर रही है।जोधपुर की बनाड़ पुलिस दुल्हन और उसके रिश्तेदारों की तलाश कर रही है।

बनाड़ पुलिस से मिली जानकारी अनुसार लूणी थाना इलाके के सर गांव निवासी भंवरसिंह ने बालोतरा के कल्याणपुर निवासी बाबूसिंह, गुड्डी कंवर, प्रेम और अन्य 4-5 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि उसकी चाची अन्नू कंवर ने अपने रिश्ते में बहनोई बाबू सिंह से बात कर उसके रिश्ते की बात की थी। उन्होंने गोटन के पास खारिया की गुड्डी कंवर से शादी करवाने का कहा था। लड़की के घरवालों ने गरीब होने के चलते शादी के लिए तीन लाख रुपए की मांग की थी। इसके बाद 16 अप्रैल को खोखरिया फांटा के पास कॉलोनी के एक मकान में भंवरसिंह और गुड्डी की सगाई कराई। सगाई के बाद लड़की वालों को 30 हजार रुपए दिए गए। 18 अप्रैल को शादी के बाद उन्हें 2 लाख 55 हजार और 20 अप्रैल को फोन-पे से 15 हजार रुपए दिए थे। यह राशि जितेन्द्र चौधरी के खाते में जमा करवा गई थी।

शादी के दो दिन बाद बाबूसिंह व प्रेम ने उसे फोन पर पत्नी के साथ खोखरिया फांटा के पास मकान में बुलाया। पीड़ित और उसकी पत्नी दोनों की बाइक पर जा रहे थे। सारण नगर पुल पर पत्नी ने बाइक रुकवाई। वहां नकाबपोश बाइक सवार युवक आया और उसकी पत्नी को बाइक पर बैठाकर फरार हो गया। पीड़ित ने इस संबंध में जब बाबूसिंह को फोन किया और पत्नी को लाने के लिए कहा। उसने जवाब नहीं दिया और फोन बंद कर दिया।

# पिता की हत्या के आरोपी बेटे को आजीवन कारावास

**जालोर**, (कासं)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेश कुमार ने पिता की हत्या करने के आरोपी बेटा नारणाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अपर लोक अभियोजक रमेश कुमार सोलंकी के अनुसार परिवादी भीखाराम पुत्र गिरधारीराम जाट निवासी चोचवा ने पुलिस थाना सायला में रिपोर्ट पेष कर बताया कि वे चार भाई है, जिसमें वह, चुनाराम, नारणाराम व मूलाराम पुत्र गिरधारीराम है। चुनाराम बिजलीया भीनमाल में निवास करता है। तथा तीन भाई उनके साथ खेत में निवास करते है। उनके पिता गिरधारीराम की(85) के होने से हर रोज माला फेरने के लिए रहवासी ढाणी के कुछ दूरी पर बनी कुटिया में माला फेरते थे तथा झाडा फुंक के भी जानकार थे। 22 फरवरी 2022 को सुबह सभी बाहर गये थे। ढाणी पर उसके पिताजी व उनका बेटा नारणाराम ही थे। करीब दोपहर 3 बजे के राणाराम जाट निवासी चोचवा ने मुझे सूचना दी कि नारणाराम अपने पिता गिरधारीराम से झगडा कर रहा है। इसलिए तुम जल्दी ढाणी पर आ जाओं। तब वह कुछ समय बाद ढाणी पर पहुंचा व कुटिया में गया, तो देखा कि उसके पिता गिरधारीराम लहुलुहान हालात में पड़े थे। तब पिता गिरधारी को आवाज लगाई व हिलाया तो उनके चोटे लगी हुई थी। नारणाराम ने ही उसके पिता के साथ मारपीट कर हत्या कर दी। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर बाद अनुसंधान पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से बीस गवाहन के बयान कलमबद्व किये। एडीजे जालोर महेश कुमार ने दोनो पक्षो की बहस सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद नारणाराम को अपने पिता गिरधारीराम की हत्या करने का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व पचास हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक रमेश कुमार सोलंकी ने की।

# 4 वार्डों की सीमा पर एक गली में सुविधाओं की खलती है कमी

**जैसलमेर**, (नि.स.)। पहले जैसलमेर में 35 वार्ड थे लेकिन 2019 में हुए परिसीमन के बाद इसे बढ़ाकर 45 कर दिया गया। परिसीमन के बाद जहां वाडों का बंटवारा हो गया। वहीं शहर में जेठा पाड़ा व खेजड़ पाड़ा के बीच एक ऐसी भी गली है। इसके अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग पार्षद लगते हैं। जेठो की गवाड़ी नाम से इस गली में नगर परिषद का वार्ड नंबर 14, वार्ड नंबर 26, वार्ड नंबर 27 व वार्ड नंबर 37 लगते है। सभी वार्डों का बॉर्डर होने के कारण चारों पार्षद गली की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे इस गली के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह गली पर्यटकों के लिए पटवा हवेली जाने का भी मुख्य रास्ता है। गौरतलब है कि यह गली चार वाडों का हिस्सा है। जिसमें गली के एक तरफ एक वार्ड तो दूसरी तरफ दूसरा वार्ड लगता है। किसी भी पार्षद द्वारा इस गली की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। न तो इस गली में रोजाना सफाई होती है। सड़कें भी टूटी है। पूर्व सभापति गोपीकिशन मेहरा के कार्यकाल में इस गली में पत्थरों के फर्श का निर्माण किया गया था।

चार वाडों की इस गली में सड़क जगह-जगह से टूटी हुई है। इसके साथ ही सफाई कर्मियों द्वारा भी इस गली की सफाई व्यवस्था को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए नालियों से कचरा बाहर निकालकर इतिश्री कर ली जाती है। इस गली में ड्रेनेज सिस्टम भी पूरी तरह से गड़बड़ है। बरसात के मौसम मे बरसाती पानी घरों में आ जाता है। इसके साथ ही घरों को सीवरेज कनेक्शन से भी नहीं जोड़ा गया है। इस गली में यह सालों पुरानी समस्याएं अब भी यथावत है। लेकिन चार में से किसी भी जनप्रतिनिधि ने आमजन की इस समस्या को खत्म करने का जिम्मा तक उठाने की जहमत नहीं उठाई।

जितेन्द्र सेवक रहवासी के अनुसार एक गली के चार पार्षद है, लेकिन रहवासियों के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ भी नहीं है कि चार-चार पार्षद होने के बावजूद कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है। विकास कार्य तो दूर समस्याओं का भी निस्तारण नहीं किया जा रहा है।

# हैप्पी ऑवर्स में श्रमदान करें : भुवनेश्वर चौहान

**बालोतरा**, (नि.सं.)। बालोतरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत उमरलाई में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे नाडी निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान कनिष्ठ तकनीकी सहायक और ग्राम विकास अधिकारी मौके पर उपस्थित मिले। साथ ही पिछले तीन दिन से एनएमएमएस पर श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही है इसके लिए यह निर्देशित किया गया कि टाइम स्टांप कैमरे से श्रमिकों के फोटो लेकर मस्टरोल में उपस्थिति दर्ज करें तथा पखवाड़ा खत्म होते ही उसी दिन या अगले दिन कार्यक्रम अधिकारी एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति के माध्यम से मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रेषित करें ताकि जिला स्तरीय लॉगिन आईडी से उनकी उपस्थिति दर्ज की जा सके किसी भी श्रमिक को कार्य स्थल पर आने के पश्चात वापस घर नहीं भेजा जाए यह सुनिश्चित करें श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत के प्रत्येक गांव में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्यों का संचालन किया जाए गर्मी के मौसम में विशेष ध्यान रखें पानी और छाया की पर्याप्त व्यवस्था करें एवं सुबह कार्यस्थल पर पहुंचकर हैप्पी ऑवर्स में श्रमदान करके अपनी टास्क को पूरा करें ताकि आपको अधिक से अधिक प्रतिदिन की मजदूरी प्राप्त हो सके। वर्तमान में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत दैनिक भत्ता 266 रुपए सरकार द्वारा निर्धारित किया जा चुका है इसलिए श्रमिकों को साइट पर आहवान किया गया की सरकार की भावना के अनुरूप आप पांच-पांच के समूह में मेट द्वारा दिए गए टास्क को प्रातः काल ही गर्मी के मौसम में कम तापमान में कम धूप में पूरा करने का प्रयास करें।

निरीक्षण के समय हरिश प्रजापत, कनिष्ठ तकनीकी सहायक एवं बाली कुमारी ग्राम विकास अधिकारी, मेट उपस्थित थे

# मुंबई क्राइम ब्रांच के खिलाफ जोधपुर में विश्नोई समाज ने ज्ञापन दिया

**जोधपुर**, (कासं)। महाराष्ट्र की मुंबई क्राइम ब्रांच की पुलिस हिरासत में हुए अनुज थापन विश्नोई की मौत के मामले में आज बिश्नोई समाज की ओर से राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। जिसमें मामले की न्यायिक जांच और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। बता दें कि पिछले कुछ दिनों पूर्व हुई बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग केस में हथियार सप्लाई के आरोप में अनुज थापन निवासी ठाम सुखचैन अबोहर पंजाब को गिरफ्तार किया गया था।

समाज की ओर से आरोप लगाया गया कि मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस कस्टडी में आरोपी के साथ बर्बरता पूर्व मारपीट कर युवक अनुज की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद मामले में सबूत मिटाकर आत्महत्या में बदलने की झूठी कहानी बनाकर परिवार को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। यह मानव अधिकारों के दिशा निर्देश (हिरासत में हत्या) की अवहेलना की गई है।

दिए गए ज्ञापन में बिश्नोई समाज ने मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष से पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।

कहा कि समय रहते मृतक अनुज और उसके परिवार को न्याय नहीं मिला तो भविष्य में समाज पूरे भारत में बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। जिसकी जिम्मेदारी महाराष्ट्र सरकार व भारत सरकार की होगी।

इस अवसर पर अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा जिला अध्यक्ष नारायण राम डाबड़ी परसराम खोखर रामनिवास बुध नगर ओमप्रकाश लोल, ओपी धायल, पार्षद ललित गहलोत, मोहन पंवार, रावत राम मतोड़ा, सरवन राम तापू, गोपाल पली, रामकिशोर रावर, मांगीलाल मतोड़ा, इंद्रजीत सारण, महेश बुधनगर, आयुष बिश्नोई, ईश्वर सा, अरविंद नैन, राजेंद्र चौहान आदि लोग शामिल हुए।

